FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट दिनांक 24-11-2026 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 739/26 में प्रकाश में आयी 02 अभियुक्ताओं को चोरी के गहने अनुमानित कीमत करीब 20 लाख बरामदगी सहित किया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 739/26 धारा 305(ए)/351(2) बीएनएस में प्रकाश में आयी 02 अभियुक्ता 1. श्रेया पुत्री पंकज मूल निवासी रस्तोगी मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद फर्रूखाबाद हाल निवासी चौगानपुर नॉलेजपार्क 5 एच 20 रेजीडेन्सी गौतमबुद्धनगर एवं 2. संगीता पत्नी पंकज निवासी रस्तोगी मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद फर्रुखाबाद को मुस्तफाबाद रोड थाना शिकोहाबाद से चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 739/26 धारा 305(ए)/351(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढौत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण -

दिनांक 20-09-2026 को वादी श्री गोपाल दत्त पुत्र स्व0 मुन्नालाल निवासी 112 B कृष्णा बिहार स्टेशन रोड कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना शिकोहाबाद पर तहरीर दी कि पंकज पुत्र स्व0 कृष्ण मनोहर निवासी रस्तोगी मोहल्ला फर्रुखाबाद थाना कोतवाली जनपद फर्रुखाबाद एवं पंकज का साला सौरभ पुत्र कुन्ज बिहारी निवासी कादरी गेट फर्रुखाबाद वादी के मकान पर आये थे। वादी द्वारा रिश्तेदार होने के नाते दिनांक 11-09-2026 की रात्रि में अपने घर में विश्राम कराया था एंव दिनांक 12-09-2026 को उपरोक्त वादी को दिल्ली लेकर गये थे एवं दिनांक 13-09-2026 को उपरोक्त अपने घर चले गये। इसके पश्चात वादी द्वारा आवश्यकता पडने पर अपनी अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात देखे तो नहीं मिले।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता -

1. श्रेया पुत्री पंकज मूल निवासी रस्तोगी मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद फर्रूखाबाद हाल निवासी चौगानपुर नॉलेजपार्क 5 एच 20 रेजीडेन्सी गौतमबुद्धनगर।
2. संगीता पत्नी पंकज निवासी रस्तोगी मोहल्ला फर्रुखाबाद थाना कोतवाली जनपद फर्रुखाबाद।

1.आपराधिक इतिहास अभियुक्ता श्रेया -

1. मु0अ0स0 739/26 धारा 305(a)/351(2)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

2.आपराधिक इतिहास अभियुक्ता संगीता -

1. मु0अ0स0 739/26 धारा 305(a)/351(2)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण -

1. एक कांटेदार बनावट की चैन पीली धातु।
2. दो कड़े पीली धातु।
3. दो चूड़ी पीली धातु।
4. तीन जोड़ी झुमके पीली धातु।
5. एक जोड़ी इयर रिंग (टॉप्स) पीली धातु।
6. एक अंगूठी पीली धातु।
7. एक चैन पीली धातु।
8. एक माथे का टीका पीली धातु।
9. एक झुमका पीली धातु।
10. एक बेसर पीली धातु।
11. एक फूलदार ईयर रिंग पीली धातु।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सोनू कुमार चौकी प्रभारी आगरा गेट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. म0उ0नि0 काजल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. का0 1802 सनी कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. का0 275 भूपेन्द्र चौधरी तैनाती सर्विलांस सेल जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 1799 कपिल कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. म0का0 1654 सुनिधि रानी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
8. म0का0 1655 गुलिस्ता थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।